dk'kh fgUnw fo'ofo|ky;
lpuk ,o tulEid dk;ky;
i l] ifCyd'ku ,.M ifCyflVh lsy

दिनांकः 27.01.2009

i l&foKfIr&I

dk'kh fgUnw fo'ofo|ky; d iol Nk=k dk jk"Vh; lekxe 29&30 tuojh] 2009

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के राष्ट्रीय समागम का उद्घाटन माननीय केन्द्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री, भारत सरकार श्रीमती डी0 पुरन्देष्वरी 29 जनवरी, 2009 को 11.45 बजे पूर्वाह्न स्वतन्त्रता भवन में करेंगी। पूर्व न्यायाधीष, इलाहाबाद उच्च न्यायालय श्री गिरिधर मालवीय इस अवसर पर विषिष्ट अतिथि होंगे तथा विष्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर धीरेन्द्र पाल सिंह समारोह की अध्यक्षता करेंगे । पूर्व छात्र समागम–2009 से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न हैं :

- काषी हिन्दू विष्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का राष्ट्रीय समागम (एमबीएएम 2009) दिनांक 29–30 जनवरी 2009 को स्वतन्त्रता भवन में आयोजित होगा।
- पूर्व–छात्र प्रकोष्ठ (एलमुनी सेल) की वर्ष 2006 में स्थापना के उपरान्त दो पूर्व–छात्र समागम आयोजित किए जा चुके हैं। सर्व प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पूर्व–छात्र समागम 6–7 जनवरी, 2007 को आयोजित किया गया, इसका विषय था ''इक्कीसवीं सदी में षिक्षा एवं महामना की दृष्टि''। इसके बाद स्थानीय पूर्व–छात्र समागम का आयोजन ''पूर्वांचल के विकास में काषी हिन्दू विष्वविद्यालय की भूमिका'' विषय पर 8 मार्च, 2008 को किया गया।
- तृतीय पूर्व–छात्र समागम (एम बी एम एम 2009) का विषय '' आत्मनिर्भर भारत के लिए महामना की दृष्टिः वर्तमान परिदृष्य एवं भविष्य की संभावनाएं'' है।
- इस समागम में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग एक हजार से अधिक प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की आषा है।
- कृषि, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, स्वास्थ्य, सामाजिक मूल्य, विधि, सांस्कृतिक धरोहर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ख्यातिलब्ध विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे। वक्ताओं की सूची परिषिष्ट–I में दी गयी है ।
- ख्यातिप्राप्त पूर्व–छात्रों को ''विषिष्ट पूर्वछात्र पुरस्कार'' (डिस्टिंग्विस्ड एलुमनस अवार्ड) से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने वालों की सूची परिषिष्ट–II में प्रस्तुत की गयी है।
- इस अवसर पर प्रदर्षनी का आयोजन भी किया जायेगा जिसमें विष्वविद्यालय के विभिन्न संकाय अपनी विकासात्मक गतिविधियों को प्रदर्षित करेंगे।
- समागम के अन्तर्गत 29 तथा 30 जनवरी को विष्वविद्यालय के मंचकला संकाय के षिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे ।
- समागम की तिथि निर्धारित करने के पीछे उद्देष्य यह था कि पूर्व–छात्र बसंतपंचमी के दिन (31 जनवरी) विष्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह में भी सम्मिलित हो सकें।
- इस समागम के अन्तर्गत 29 जनवरी को प्रातः 9.00 बजे महामना पर आधे घण्टे का वृतचित्र दिखाया जायेगा। तत्पष्चात 9.30 बजे तकनीकी सत्र ''स्वास्थ्यः महामना की दृष्टि'' आरंभ होगा। इसके उपरान्त, 11.45 बजे से उद्घाटन समारोह होगा ।

p;jeu